54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 14.4°c
अधिकतम 28.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:41, सूर्यास्त - 6:20 | वर्ष : 54/ अंक : 62 | बुधवार, 04 मार्च 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**पाठकों के लिए सूचना**

सम्मानित पाठकों, विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि कल रंगोत्सव के उपलक्ष में कार्यालय में अवकाश रहेगा, जिस कारण आपका प्रिय मुजफ्फरनगर बुलेटिन 5 के स्थान पर 6 मार्च को आपकी चाय पर मौजूद रहेगा। - सम्पादक

**सीएम योगी के भेजे गुलाल को श्री राम लला सहित अन्य विग्रहों को अर्पित कर होली खेली जाएगी : अयोध्या**



श्री राम के मन्दिर में फैलेगा... योगी जी का रंग गुलाल.....

UPRERAPRJ619809/08/2025 | UPRERAPRJ937192/09/2025

RERA APPROVED

मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण APPROVED

NUMAX
•LIVE THE NUMAX EXPERIENCE•

HAPPY holi

ULTRA LUXURY
INDEPENDENT
FLOORS & VILLA

- Swimming Pool
- Ice/ Cold Bath
- Theater Lounge
- Bowling Alley
- Virtual Games Simulator
- Badminton Court
- Tennis Court
- Basket Ball
- Yoga Lawn
- Padel Court
- Squash Court
- Pickle Ball Court
- Senior Citizen Zone
- Restaurant
- Skating Rink
- Guest Rooms
- Wellness Lounge
- Butterfly Garden
- Co-working Stations
- Creche
- Art Gallery
- Gymnasium
- Meditation Pods
- Yoga/arobics/zumba
- Jogging/ Walkway Track

AND MORE THAN
50 OTHER
AMENITIES

DISCOVER SPECIAL PRICING ON
LUXURY INDEPENDENT FLOORS AT
**NUMAX CITY, THE PREMIER**
**100-ACRE INTEGRATED TOWNSHIP.**

The New Talk-of-the-Town with
**75+ World-Class Amenities**








नवरात्रि के पावन अवसर पर करें
अपने सपनों के घर का भूमि-पूजन (निर्माण कार्य प्रगति पर)

Scan here to know more

Wide Road 24 Mtrs | 40+ Premium Amenities | 1.25 Lacs Sq.ft Exclusive Club House | 24X7 Security | Fully Equipped Gym | Kids Play Area

Scan here to know more

FOR MORE INFO, CALL: 84395 59778 • 95602 58153 • 76999 69992

www.numaxltd.com

54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 14.4°c अधिकतम 28.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:41, सूर्यास्त - 6:20 | वर्ष : 54/ अंक : 62 | बुधवार, 04 मार्च 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये



**अमृतवाणी**

इंसान कितना ही अमीर क्यों न बन जाए, तकलीफ बेच नहीं सकता और सुकून खरीद नहीं सकता

सीएम योगी के भेजे गुलाल को श्री राम लला सहित अन्य विग्रहों को अर्पित कर होली खेली जाएगी : अयोध्या

श्री राम के मन्दिर में फैलेगा... योगी जी का रंग गुलाल.....

# खाड़ी देशों में फंसे जिले के हजारों लोग, फिक्रमंद हैं परिवार

## अकेले कुटेसरा के ढाई हजार लोग रियाद और दूसरे इलाकों में ▶ हालात खराब रहे तो ईद पर भी वापस लौटने को लेकर शंका

**मुजफ्फरनगर, 3 मार्च (बु.)।** ईरान और यूएसए इजरायल के बीच जंग के चलते खाड़ी देशों में जनपद के गांव कुटेसरा के करीब ढाई हजार लोग वहां फंसे हुए हैं। एक गांव से ही ये ढाई हजार लोग सऊदी अरब दुबई जैसे खाड़ी देशों में काम करने के लिए गए हुए हैं इस युद्ध के बाद अब गांव में मौजूद इनके परिजनों में अपनों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

परिजनों को कहना है कि वहां फंसे उनके परिवार के सदस्य बता रहे हैं कि उनके ऊपर से मिसाइल जाती हैं और अमेरिका के ठिकानों पर जाकर गिरती है लेकिन खतरा लगातार बना हुआ है फिलहाल ये सभी वहां पर सुरक्षित हैं लेकिन आने वाले समय के लिए चिंता बनी हुई है । फंसे लोगों के परिजनों ने सरकार से गुहार लगाई है कि स्थिति ज्यादा बिगड़ती है तो उनके परिवार के लोगों को वहां से सुरक्षित निकालकर वापस भारत लाने की व्यवस्था की जाए। जनपद से बड़ी संख्या में लोग खाड़ी देशों में काम करने के लिए गए हुए हैं जिसके चलते यहां के जिला प्रशासन ने भी इमरजेंसी कंट्रोल रूम जिला कलेक्ट्रेट में बनाया है। जिसका हेल्पलाइन नंबर 1077 भी जारी किया गया हैं। जिससे कि कोई भी व्यक्ति जिनका अपना युद्धग्रस्त देश में फसा हुआ हैं वह उसकी जानकारी दे सकता है और लेने की कोशिश भी कर सकता है। कुटेसरा गांव के पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद कामिल का कहना है कि गांव के लगभग 2000 या 2500 लड़के गए हुए हैं। दुबई, कतर और सऊदी भी बड़ी संख्या में जिले के लोग गए हुए हैं। खुद कामिल के पांच भतीजे, एक भाई और एक लड़का खाड़ी देशों में है। ये लोग रियाद में हैं नौकरी कर रहे हैं। वहां पर कंपनी में हैं कोई क्लीनिंग का काम कर रहा है कोई सिलाई का कर रहा है मजदूरी करने गए हुए हैं बच्चे बताते रहते हैं हमलों के बीच खौफ में उनकी जिंदगी चल रही है। मिसाइल जा रही हैं। कुछ बच्चे ईद पर आने थे, अब झगड़े की वजह से दिक्कत तो उनके लौटने की संभावना धूमिल हो रही है। उनका कहना है कि जो लोग वहां फंसे हुए हैं, उनकी देखभाल करें और जरूरत हो तो उन्हें वापस लाने की कोशिश की जाए। मोहम्मद मतलूब ने बताया कि उनके तीन बच्चे सऊदी अरब गए हुए हैं। तीनों रियाद में मजदूरी कर रहे हैं। इनके नाम नौशाद, शहजाद और सरफराज हैं। एक करीब सात आठ साल से रह रहा है और दूसरे एक दो साल से रह रहे हैं। जंग जारी रहती है तो बच्चों को सुरक्षित निकाला जाए और उनकी पूरी तरीके से हिफाजत की जाए। कुछ बच्चे ईद पर आने थे टिकट भी हो गए थे। युद्ध की वजह से उनके आने पर शंका है। एक ग्रामीण मोहम्मद इंतजार ने बताया कि उनके दो लड़के सलमान और नाजिम सऊदी अरब में हैं। उनसे बात तो होती ह। कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन दहशत का माहौल है।



### रामकुमार सर्राफ और कुंज बिहारी अग्रवाल के पुत्र-पुत्रवधू दुबई में फंसे

**राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने आवास पर पहुंच कर जताई चिंता**

**मुजफ्फरनगर, 3 मार्च (बु.)।** युद्ध जैसे हालात और अमेरिका व ईरान के बीच मिसाइल हमलों के साथ कई खाड़ी देशों में भी मिसाइलें गिराए जाने के बाद तनाव पूर्ण हालात के बीच वहां फंसे लोगों की सुरक्षा को लेकर लोग चिंतित नजर आए। ऐसे में नगर के प्रमुख सर्राफ रामकुमार के पुत्र संजय गोयल व पुत्रवधू अंजना गोयल और वरिष्ठ भाजपा नेता कुंज बिहारी अग्रवाल के पुत्र राजन अग्रवाल व पुत्रवधू शिखा अग्रवाल के दुबई में फंसे होने की सूचना पर आज प्रदेश के कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने उनके आवास पर पहुंच कर चिंता जताते हुए उनकी सुरक्षित वापसी की कामना की। हालांकि आज खाड़ी देशों से विमान सेवाएं बहाल होने की सूचना के बाद उम्मीद है कि बुधवार को ये लोग वापस आ जाएंगे। पश्चिम एशिया के देशों में तनाव के बीच शहर के प्रमुख सर्राफ राम कुमार और वरिष्ठ भाजपा नेता कुंज बिहारी अग्रवाल के पुत्र दुबई में फंस गए। वे वहां छुट्टियां बिताने गए थे। अचानक जंग के हालात के बीच तमाम एयरपोर्ट बंद हो जाने से वापसी के तमाम रास्ते बंद हो गए। ऐसे में इन लोगों की वापसी का रास्ता भी बाधित हो गया। इस सूचना पर राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने रामकुमार सर्राफ के घर पहुंच कर खैर खबर ली और उन्हें तमाम आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।



संजय गोयल-अंजना गोयल

अर्चित गोयल-दर्शिका गोयल

### जिले के इन लोगों के फंसे होने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली

**मुजफ्फरनगर, 3 मार्च (बु.)।** खाड़ी में जंग के हालात के बीच जिले में बनाए गए कंट्रोल रूम पर भी आज कई लोगों ने अपने परिजनों के वहां फंसे होने की सूचना वहां दी। गऊशाला शामली रोड निवासी संदीप बंसल ने बताया कि उनके परिजन दर्शिका व अर्चित गोयल आबूधाबी में हैं। लद्दवाला निवासी शाह फैसल ने सूचना दी कि उनके परिवार से मौ. रजा बहरीन में है। शेरनगर निवासी नौमान ने अपने परिजन मौ. उस्मान और शौकीन के रियाद में मौजूद होने की जानकारी दी। नई मंडी निवासी प्रमोद बंसल ने बताया कि उनका पुत्र गौरव बंसल, पुत्रवधु शिल्पी बंसल, पोता व पोती आबुधाबी में हैं। सिद्धार्थ कॉलोनी के अरूण कुमार तायल ने बताया कि उनकी पुत्री नेहा तायत दुबई में है। इसी तरह कुंदनपुरा निवासी नरेश कुमार सैनी ने बताया कि उनका पुत्र अभिषेक सैनी रियाद में है। कंट्रोल रूम ने उनकी कुशलता की जानकारी उन्हें दी।

# मंदिरों में दिन में सन्नाटा, शाम होते ही चहलपहल

**▶ चंद्र ग्रहण के चलते मंदिरों के कपाट रहे बंद, श्रद्धालुओं ने रखा व्रत**

**▶ सूतक काल समाप्त होते मंदिरों में शुद्धि के साथ बजे घंटा घड़ियाल**

**मुजफ्फरनगर, 3 मार्च (बु.)।** चंद्रग्रहण के चलते आज शहर समेत जिले भर में मंदिरों के कपाट दिन भर बंद रहे। शाम को ग्रहण खत्म होने के बाद मंदिरों में विशेष पूजा व आरती की गई तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां नजर आए। सोमवार को चंद्रग्रहण के चलते सुबह से ही सूतक लग जाने के कारण नगर समेत जिले भर में सुबह मंगला आरती के बाद तमाम मंदिरों के कपाट बंद हो गए। इसके साथ ही घरों में भी मंदिरों को बंद रखा गया। सूतक और ग्रहण को मानने वाले लोगों ने आज सूतक काल में निराहार रहने के साथ दान पुण्य किया। ग्रहण काल में मंदिर भले बंद रहते हैं, लेकिन मौन मंत्र जाप के माध्यम से आराधना होती है। ऐसे में शिव चौक, बाला जी चौक, गणपति धाम, बाला जी धाम, श्री श्री गोलोक धाम, अनंतेश्वर महादेव मंदिर, लक्ष्मी नरायण मंदिर समेत तमाम मंदिरों कपाट निर्धारित समय से पहले ही बंद कर दिए गए। शिवचौक पर शिवमूर्ति को कपड़े के आवरण से ढक दिया गया। ऐसी ही व्यवस्था उन तमाम मंदिरों में की गई जहां खुले में मूर्तियां स्थापित हैं। सूतक काल से ग्रहण की समाप्ति तक मंदिरों में दर्शन पर पूर्ण रूप से रोक रही। सभी मंदिरों में प्रातःकालीन आरती और नियमित पूजा-अर्चना समय से पहले संपन्न कराई गई। शास्त्रीय मान्यताओं के तहत ग्रहण प्रारंभ होने से पूर्व ही भगवान के प्राण प्रतिष्ठित विग्रह को विश्राम देते हुए मंदिरों के द्वार बंद कर दिए गए। शहर समेत जिले के तमाम मोहल्लों के छोटे-बड़े मंदिरों में भी यही व्यवस्था लागू रही। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में रहकर मौन पूजा और मंत्र जाप किए। ग्रहण काल में तमाम लोगों ने भोजन नहीं किया और जरूरतमंदों को दान-पुण्य भी किया। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों में विधि-विधान से शुद्धिकरण के साथ पूजा-पाठ पुनः शुरू हुआ तो मंगलवार होने के कारण हनुमान मंदिरों में भारी भीड़ नजर आई। शाम को मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ खोले गए तो घरों में भी दिया बाती किया गया। तमाम लोगों ने पूजा अर्चना कर व्याधियों से मुक्ति की कामना की।



## दुबई से 149 यात्रियों को लेकर दिल्ली पहुंची एयर इंडिया की उड़ान

**नयी दिल्ली, 03 मार्च (वार्ता)** दुबई में फंसे 149 यात्रियों को लेकर एयर इंडिया का एक विमान मंगलवार सुबह दिल्ली पहुंचा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 916डी आज सुबह 10:58 पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इसमें




कुल 157 लोग सवार थे जिसमें 149 यात्री और चालक दल के आठ सदस्य शामिल हैं। पश्चिम एशिया में फंसे यात्रियों को लेकर दिल्ली आने वाली आज यह पहली उड़ान थी। इससे पहले दुबई में फंसे 143 चालक दल के सदस्यों को लेकर एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 918डी दिल्ली पहुंची थी। चालक दल के ये सदस्य एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के हैं जो अचानक उड़ानें बंद होने से दुबई में फंस गये थे।

# मोदी और योगी रंगों की जंग में कूदने को तैयार

## हुडदंग, मस्ती, गुलाल और रंगों में डूबा रहेगा बुधवार

**मुजफ्फरनगर, 3 मार्च (बु.)।** होलिका दहन के बाद एक दिन की राहत में शांति रही, लेकिन आज युवा और बच्चे बुधवार को रंग गुलाल उड़ाकर एक दूसरे को रंगने की तैयारी में जुटे रहे। ऐसे में रंग गुलाल की जमकर खरीदारी हुई तो बच्चे तरह तरह की पिचकारियों और मुखौटों पर रीते रहे। इस बार गुलाल के सिलेंडरों की भी खासी मांग रही। युवा और बच्चे मोदी और योगी समेत तमाम तरह के मुखौटे पहनकर रंगों की जंग में कूदने को तैयार दिखाई दिए। होलिका दहन और दुल्हैंडी के बीच एक दिन का अंतराल बेताबी के साथ गुजरा। इसके चलते आज दिन में मंगलवार के अवकाश के बावजूद खरीदारों की चहल पहल रही। शहर के तमाम मुख्य बाजारों के साथ गांधी कॉलोनी व नई मंडी समेत तमाम गली मौहल्लों में रंग-गुलाल और पिचकारी आदि की दुकानों पर बच्चे अपनी पसंद को लेकर मचलते रहे। अभिभावकों ने भी उन्हें निराश नहीं किया। तमाम तरह के मुखौटों और मलिंगा बालों के बीच मोदी और योगी के मुखौटे आकर्षण का केंद्र बने रहे।

### गुजिया और नमकीन की जमकर खरीदारी

होली के लिए मिठाई की दुकानों पर रसभरी और सूखी गुजिया के साथ तमाम तरह की नमकीनों की फुल डिमांड रही। इसके साथ ही बाजार में तैयार नमकीन गुजिया और पकौड़ी के साथ गोलगप्पे भी खूब बिके। गोलगप्पों के साथ रेडीमेड रसीला पानी भी लोगों को खूब भाया। नमकीन की तमाम वैरायटी में लोगों ने अपनी पसंद की चीजें खरीदीं।



### शराब की दुकानों पर जुटी भीड़, वसूला गया होली टैक्स

होली पर शौकीनों के लिए भांग और शराब खास स्थान रखती है। ऐसे में आज शराब की दुकानों पर जमकर भीड़ रही। कल ठेके बंद रहेंगे, ऐसे में आज ही खरीदारों ने स्टॉक लेकर रख लिया। ठेकों पर बीस से पचास रुपए होली टैक्स भी जमकर वसूला गया और आबकारी अधिकारी आंखें मूंदे बैठे रहे। बुधवार को बंदी के दिन भी शौकीनों को शराब उपलब्ध कराने की व्यवस्था कई स्थानों पर सेल्समैनों ने की है।

## मीट खरीदने को लेकर दो पक्षों में धारदार हथियार चले

**मुजफ्फरनगर, 3 मार्च (बु.)।** मंगलवार को खालापार थाना क्षेत्र में हड्डी गोदाम के पास मीट खरीदने को लेकर दो पक्षों में धारदार हथियार चल गए। हमले में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मोहल्ला रहमतनगर निवासी हाजी मेहरबान का हड्डी गोदाम के पास मीट सप्लाई करने का गोदाम है। मंगलवार को उसका बेटा सबाब मीट सप्लाई करने के लिए गोदाम पर गया था। आरोप है कि वहां गोदाम पर पहुंचे नदीम, शमीम, कल्लू, तहसीन, शादाब, महताब व समीर निवासी रहमतनगर से मीट खरीदने को लेकर कहासुनी हो गयी। आरोप है कि आरोपियों ने उसके बेटे सबाब पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसे बचाने पहुंचे उसके साले हाजी इस्तकार पर हमलावरों ने हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दूसरे पक्ष से महताब ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि तहसीन, शादाब, समीर व शाहवेज मीट गोदाम से मीट लेने गए थे। वहां मौजूद हाजी मेहरबान से विवाद होने पर मेहरबान, इस्तेकार, सबाब, फराज, फरहान व सबलू ने उसके परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। जिसमे तीन लोग घायल हुए है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



चौदहवां रोजा - 04-03-2026

| सुन्नी | इफ़तार | शिया |
| --- | --- | --- |
| 6:21 | | 6:36 |

रमजान- 2026

पन्द्रहवाँ रोजा - 05-03-2026

| सुन्नी | सहरी | शिया |
| --- | --- | --- |
| 5:19 | | 5:23 |




हाजी अकरम कुरैशी

अध्यक्ष- नगर पंचायत, शाहपुर

## बेफिक्र होकर उपचार कराएं, सरकार देगी भरपूर आर्थिक सहायता: योगी

**गोरखपुर, 03 मार्च (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोग बेफिक्र होकर अच्छे अस्पताल में अपना उपचार कराएं। सरकार उन्हें भरपूर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन जरूरतमंदों को इलाज के लिए आर्थिक मदद चाहिए, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराकर शासन को भेजी जाए, ताकि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से समय पर सहायता राशि जारी की जा सके। मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठे लोगों के पास स्वयं जाकर उन्होंने एक-एक कर प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। योगी ने लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान या घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी और संतोषजनक समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जन समस्याओं पर



पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए, ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनता दर्शन के दौरान जमीन कब्जाने और दबंगई से जुड़े मामलों पर भी मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं अवैध कब्जा या दबंगई की शिकायत मिले तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। कानून-व्यवस्था से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में एक व्यक्ति ने किडनी की गंभीर बीमारी के इलाज में धनाभाव की समस्या रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने पहले उससे आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी ली। कार्ड न होने पर उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है, सरकार इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक मदद उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह अन्य कई लोग भी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने सभी को भरोसा दिलाया कि सरकार किसी भी जरूरतमंद के उपचार में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी और विवेकाधीन कोष से सहायता प्रदान की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ परिजन अपने बच्चों के साथ भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को स्नेहिल आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट वितरित कीं और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कुल मिलाकर, जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए अधिकारियों को संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन का संदेश दिया।

## सलीम वास्तिक अटैक का दूसरा आरोपी गुलफाम भी एनकाउंटर में मारा गया

**साहिबाबाद, 3 मार्च (एजेंसी)।** यूट्यूबर सलीम अहमद उर्फ सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में दूसरा आरोपित और एक लाख का इनामी गुलफाम मंगलवार रात इंदिरापुरम क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में ढेर हो गया। उसका एक साथी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। आरोपित के पास से पुलिस ने एक पिस्टल, कारतूस, तमंचा, चाकू व एक बाइक बरामद की है। आरोपित का छोटे भाई और एक लाख के इनामी जीशान को पुलिस ने एक मार्च को लोनी क्षेत्र में मार गिराया था। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है। इस मामले में अभी बताया गया है कि इन दोनों के अलावा अन्य लोग भी शामिल थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि मामले की जांच देहात जोन की पुलिस व क्राइम ब्रांच कर रही थी। मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि मामले में फरार एक लाख का इनामी गुलफाम इंदिरापुरम क्षेत्र में आने वाला है। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि सूचना पर क्राइम ब्रांच व इंदिरापुरम पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान एलिवेटिड रोड के नीचे वसुंधरा में बाइक सवार दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का इशारा किया तो आरोपितों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इस घटना में पुलिस के दो जवान घायल हुए। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो गुलफाम के सीने में एक गोली लगी और वह नीचे गिर पड़ा। उसे अस्पताल ले जाया गया तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथ उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में कांबिंग कर रही हैं। आरोपित के पास से पुलिस ने मौके से एक पिस्टल, तमंचा, कारतूस, चाकू व बाइक बरामद की।



**सीएम योगी आदित्यनाथ की चेतावनी का हुआ असर**

**साहिबाबाद।** 27 फरवरी को सलीम पर हुए हमले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए आरोपितों के खिलाफ सख्त चेतावनी दी थी और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके तत्काल बाद पुलिस ने एक मार्च को कार्रवाई करते हुए एक लाख के इनामी जीशान को मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके दो दिन बाद पुलिस ने लगातार दूसरा एंकाउंटर किया और गुलफाम को ढेर कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई के पीछे योगी की सख्ती ही बताई जा रही है।

### बैंक खाता हैक कर 1.83 लाख रुपए निकाले

**मुजफ्फरनगर, 3 मार्च (बु.)।** साइबर ठगों ने मोबाइल हैक कर बैंक खाते से दो बार में 1.83 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने नई मंडी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मौहल्ला भरतिया कालोनी निवासी अनुज कुमार ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात आरोपी ने उसका मोबाइल हैक कर बैंक खाते से दो बार में 1.83 लाख रुपए निकाल लिए। पीडित के मोबाइल पर पैसे निक लने का मैसेज आया तो उसे जानकारी हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हाथरस में सड़क हादसे में छह मरे, सात गंभीर

**हाथरस, 3 मार्च (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में हाथरस जिले के सादाबाद क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक डबल डेकर बस की चपेट में आने से वैन में सवार छह लोगों को मौत हो गयी जबकि सात अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुये शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं। पुलिस ने बताया कि गढ़ी हरिया गांव के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर यह हादसा सुबह करीब चार बजे माइलस्टोन 141 के पास हुआ, जब दिल्ली से गोरखपुर जा रही बस धौलपुर के राजाखेड़ा की ओर जा रही इको वैन से टकरा गई। वैन में सवार सभी लोग राजस्थान के राजाखेड़ा के गंगोली गांव के रहने वाले थे।

उन्होंने बताया कि हादसे के समय वैन में 13 लोग सवार थे। उनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान दिनेश (50), होतम सिंह के बेटे; उनकी पत्नी सुनीता (48); विजय बघेल (27), सुखराम के बेटे; और उनकी पत्नी पिंकी बघेल (26) के रूप में हुई है जबकि दो अन्य की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। घायलों में वैन ड्राइवर वीरेंद्र, बेटा रामप्रकाश, मनोज (बेटा सुरेश), आर्यन (8), अंशु (6), लक्ष्य (1), प्राची (3), और पूनम बघेल (15) शामिल हैं। उन्हें इलाज के लिए खंडोली थाना इलाके के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। टक्कर के बाद, मौके पर अफरा-तफरी मच गई और एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक कुछ देर के लिए रुक गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। शुरुआती जांच से पता चलता है कि तेज रफ्तार और लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ।

## जल निकासी की समस्या से आहत लोगों का फूटा गुस्सा, किया जमकर प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 03 मार्च (बु.)।** पालिका क्षेत्र में नई मंडी के मौ. बच्चन सिंह कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी का पुख्ता समाधान न होने पर मंगलवार को स्थानीय लोगों के सबर का बांध ही टूट गया। इस दौरान गुस्साए लोगों ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व बिजनौर के सांसद चंदन सिंह चौहान के खिलाफ धरना देते हुए उपेक्षा के आरोप

**कैबिनेट मंत्री एवं सांसद के खिलाफ लगाए हाय-हाय के नारे**

लगाए। लोगों ने इस दौरान कैबिनैट मंत्री अनिल कुमार और बिजनौर सांसद चंदन चौहान पर उपेक्षा के आरोप लगाते हुए हाय-हाय के नारे भी लगाए। मंगलवार को पालिका परिषद के मौ. बच्चन सिंह कॉलोनी में तमाम प्रयासों के बावजूद भी क्षेत्र में पानी निकासी की समस्या लंबे समय से निदान न होने से विरोध के स्वर बढ़ रहे हैं। क्षेत्र में यहाँ पर नल और नालियां गंदगी और घास से आते हुए हैं, जिस कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है।





वहीं कुछ गलियां ऐसी है जहां पर अभी तक नाली एवं नाले का निर्माण तक नहीं हो पाया है। ऐसे हालातों के बीच बरसात के दिनों में पानी की निकासी न होने के कारण यहां पर जलभराव की बड़ी समस्या हो जाती है। ऐसे में लोगों को गंदे पानी का सामना करना पड़ता है। गन्दा पानी घरों में घुसने से निवासियों को आर्थिक नुकसान भी होता है। ऐसी स्थिति में स्थानीय लोगों ने इस संबंध में कुछ समय पूर्व यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान से शिकायत की थी। आरोप है कि मामले में दोनों जनप्रतिनिधियों के स्तर से भी कोई समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जिस कारण मंगलवार को स्थानीय लोग धरने पर बैठ गए और उन्होंने विरोध में जमकर नारेबाजी की।



# अपनेपन के इन रंगों में प्रेम सुगंध भी मिश्रित है, दिल को भी रंगीन करेंगे, शब्दों के ये गुब्बारे।





**उत्तमचन्द्र शर्मा (संस्थापक मुजफ्फरनगर बुलेटिन)**
आप की पत्रकारिता देती है हमको प्रेरणा,
हम कलम के हैं सिपाही, है कलम ही जिन्दगी।
आपके फरमान अक्सर याद आते हैं हमें,
आपकी बातों से मिलती है हमेशा रौशनी।
**(सटीकता के साथ तथ्य भी सत्य भी )**



कभी डिप्टी सीएम बना देते हैं कभी प्रदेश अध्यक्ष

**संजीव बालियान**
**(पूर्व राज्यमन्त्री भारत सरकार)**
खबर के नाम पर कैसा, बनाया चंडू खाना है,
मुझे डिप्टी सीएम बनाते हैं, कभी अध्यक्ष बताते हैं।
**(मैं सबका अब भी सेवक हूँ)**



'सबका साथ, सबका विकास'

**अनिल कुमार**
**(कैबिनेट मन्त्री उत्तर प्रदेश)**
मैं अब भी अपने ही ढंग से, सभी के काम आता हूँ,
नया हूँ मन्त्री यारो, मगर इस्टाइल पुराना है।
**(जनसेवा ही सफलता है)**




नगर पालिका और विधायकी दोनों पर निगाहें

**कपिल देव अग्रवाल**
**(मन्त्री कौशल विकास)**
हैं अपनी कुर्सी पर आँखें,नजर है पालिका पर भी,
सभी से फायदा लेना, यही तो अपना कौशल है।
**(शराफत छोड़ दी मैंने)**



**अंकुर दुआ (सम्पादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन)**
दिखावा देख लेते हैं, सियासत जान जाते हैं,
खिलाड़ी हों, अनाड़ी हों, उन्हें पहचान जाते हैं।
मोहब्बत भी नजर में है, शराफत भी नजर में है,
जो अच्छे काम करते हैं, उन्हें हम मान जाते हैं।
**(कर्तव्य और दायित्व का योग)**

कलम से ही करेंगे शहर का सुधार



बुढ़ाना या चरथावल

**पंकज मलिक**
**(विधायक चरथावल)**
बुढ़ाना हो या चरथावल, कहीं से भी मैं लड़ लूँगा,
मगर पहले नजर अपनी, है बीजेपी के पत्तों पर।
**(अभी कनफ्यूजन है)**




ये कुर्सी मिल जाए तो जिंदगी सफल हो जाए

**विजय शुक्ला**
**(पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा)**
नजर में एक चेयर है, करेंगे उसकी ही कोशिश,
अगर मजबूत हो चाहत, तो जो चाहो वो मिलता है।
**(कोशिशें करते रहो)**



नारायण...नारायण...

**भीम सेन कंसल**
**(समाज सेवी)**
रहूँ गुणगान में उसके, यही है कामना अपनी,
ये ईश्वर ने दिया जीवन, ये ईश्वर को समर्पित है।
**(जो कुछ है प्रभु का है)**



चाहे वकालत करूं, चाहे नेतागिरी, रहूंगा दमदार

**यशपाल पँवार**
**(वरिष्ठ भाजपा नेता)**
समय चमचागिरी वाला, है चमचों में प्रतिस्पर्धा,
सियासत की गिरावट में, हम अपने घर में राजी हैं।
**(पद या टिकट मिले न मिले)**



खूब 2027 में चलेगा अपना सिक्का..

**हरेन्द्र मलिक**
**(सांसद मुजफ्फरनगर)**
सियासत अपनी पुख्ता है, विधायक हों मेरे बेटे,
अगर सरकार आ जाए तो फिर आनन्द आ जाए।
**(पावर, पावर ही होती है)**



बस कहीं से हुकम का इक्का निकल आए

**गौरव स्वरूप**
**(भाजपा नेता)**
सियासत चल रही अच्छी, मगर अब आगे बढ़ना है,
पिता जी की सियासत के उसी बिन्दू को छूना है।
**(दिलों की राहत बनना है)**



हूँ तो दुकानदार मगर अपना जलवा बरकरार

**श्यामपाल भाई जी**
**(वरिष्ठ समाजसेवी शाहपुर)**
दुकाँ के सामने ही से, सभी को रास्ता मिलता,
दुकाँ पर मिल के जाते हैं, विधायक हों या चेयरमैन।
**(सेवा ही जीवन का सार है)**



भगवा और लाल के बीच में फंस गया हूँ

**हाजी अकरम**
**(चेयरमैन शाहपुर)**
फकत इन्सानियत दिल में, नजर में बस शराफत है,
मोहब्बत ही लुटाते हैं, सियासत में सदाकत है।
**(नेक नीयत मंजिल आसान)**



खरा सोना ही बेचूंगा

**सुरेन्द्र अग्रवाल**
**(समाज सेवी)**
भले कितनी भी बढ़ जाएं, यहाँ जेवर की कुल कीमत,
मगर अखलाक की कीमत, अभी सोने से बढ़कर है।
**(व्यवहार ही आभूषण है)**



विधायकी मिले ना मिले करता रहूंगा कपड़ा व्यापार

**अशोक कंसल**
**(पूर्व विधायक)**
अभी कुछ साल में यारो, सियासत खूब बदली है,
यही अरमान जगता है, विधायक फिर मैं बन जाऊं।
**(समय सब पर ही हावी है)**



मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की

**मीनाक्षी स्वरूप**
**(अध्यक्ष नगरपालिका परिषद)**
नगर की हर सड़क चमके, न गड्ढे हों न कचरा हो,
यही सब ध्यान में रखकर हम अपना काम करते हैं।
**(विकास भी, व्यवहार भी)**



व्यापार में जो आनन्द है नेतागिरी में कहां...

**अरविन्द त्यागी**
**(ब्लॉक प्रमुख शाहपुर)**
शराफत अपनी फितरत है, सियासत शौक है अपना।
किसी भी काम धंधे में ये दोनों ही जरूरी हैं।
**(नजर हर बात पर रहती)**




टेंट कहीं भी गड़े, गड़ेगा अपना ही...

**पंकज जैन**
**(गांधी टैंट हाउस)**
हो पर्वत चाहे मैदाँ हो, समंदर हो या रेगिस्तां,
जो जंगल में करे मंगल, हम ऐसा टैंट रखते हैं।
**(आप कार्यक्रम बताओ)**



अपना काम व्यापार, करते रहेंगे उपकार

**राकेश बिन्दल**
**(उद्योगपति समाज सेवी)**
न कोई खेल रचते हैं, न कोई भेद करते हैं,
जो अपना काम धंधा है, उसे पूजा समझते हैं।
**(कोई लाग लपेट नहीं)**




अपना है ट्रैक्टर का काम, आम आदमी ही आता है काम

**सुखदर्शन सिंह बेदी**
**(वरिष्ठ भाजपा नेता)**
बड़ों का, दोस्तों का और छोटों का मिला सम्मान,
मिले सम्मान के आगे, इलेक्शन की जरूरत क्या।
**(यही तो जिन्दगी है)**




रिजोर्ट पर रहता है नेताओं का जमावड़ा, इस बार घर में ही होगा टिकट का दावेदार

**पीयूष अग्रवाल**
**(प्रकृति प्रेमी उद्योगपति)**
सपा के हों के कांग्रेसी, या बीजेपी के बसपा के,
हमेशा रुक के जाते हैं, सभी रिजॉर्ट पर अपने
**(जीवन है एक बगिया आओ इसे सजायें)**



बड़ा पद मिलेगा तभी लाइन में लगूंगा

**सुभाष चन्द्र शर्मा**
**(पूर्व पालिका अध्यक्ष)**
जमाने की सियासत से, तो बाहर हम नहीं होंगे,
कोई कुछ भी यहाँ सोचे, रिटायर हम नहीं होंगे।
**(हजारों पद हैं सत्ता में)**




चुनाव तो अब लड़ना नहीं, मोबाइल ले जाओ अबकी बार

**अशोक बाठला**
**(भाजपा नेता)**
बड़े लोगों से मिला कर ये समझ में आ गया मुझको,
अगर सेवा ही मकसद है, इलेक्शन की जरूरत क्या।
**(चुनाव नहीं लड़ेंगे, सेवा करेंगे)**




रेडीमेड का व्यापार पता नहीं फूल वाले क्या करेंगे इस बार

**राहुल गोयल**
**(भाजपा नेता)**
टिकट के प्यासे लोगों की कतारें लम्बी-लम्बी हैं,
यही सब सोचकर लाये हैं अपना ध्यान धंधे पर।
**(सियासी अंगूर खट्टे हैं)**



नफा हो या नुकसान मैं तो करूंगा व्यापार

**सतीश गोयल**
**(समाज सेवी)**
समय का और किस्मत ही का लोहा मानते हैं हम,
हमारा कर्म, वन्दन है, हमारा धर्म सेवा है।
**(जीवन एक तपस्या है)**



गुड़ जैसी मिठास बांटता हूँ, तभी मक्खियां भिनभिनाती हैं

**अचिंत मित्तल**
**(भाजपा नेता)**
सभी का मान करता हूँ, सभी से प्रेम करता हूँ,
सभी के काम आने की हमेशा सोचता हूँ मैं।
**(जबां मीठी, नजर अच्छी)**



अपनी तो जैसे-तैसे, थोड़ी ऐसे या वैसे कट जाएगी...

**नील कमल पुरी**
**(चेयरमैन पंजाबी समाज)**
खुश रहने पर ध्यान है और खुश रखने पर ध्यान,
जीवन में आनंद है और मिला सम्मान।
**(जिन्दगी शौक है, चाव है)**




पता नहीं ओबीसी मोर्चा का कब खुलेगा भाग...

**विजय वर्मा**
**(भाजपा नेता)**
सियासत है अगर किस्मत, तो उसको कौन छीनेगा,
जो मेरा खेल है उसका यहाँ कप्तान मैं ही हूँ।
**(नम्बर आ भी सकता है)**



अब तो नन्दी ही करेंगे बेड़ा पार

**कुश पुरी**
**(अध्यक्ष काउ संचुरी)**
विधायक हो या एमएलसी, मिला कुछ भी नहीं अब तक,
भरी दुनिया के नाटक में, कोई पद हो तो अच्छा है।
**(पद का रस, बड़ा रस है)**




प्रस्तुति-सुनील 'उत्सव'